लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2347

06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम मित्र पार्क

2347. श्री राधाकृष्णः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के कलबुर्गी में प्रधान मंत्री मित्र पार्क के उद्घाटन के बाद से जमीनी स्तर पर हुई विशिष्ट प्रगति और विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन व्यवसायों और निवेशकों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने प्रधान मंत्री मित्र पार्क, कलबुर्गी में अपना कारोबार स्थापित किया हैं अथवा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं;

(ग) सरकार द्वारा टेक्सटाइल पार्क में व्यापार और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) टेक्सटाइल पार्क में अब तक किए गए कुल वित्तीय निवेश का ब्यौरा क्या है;

(ङ) पीएम मित्र पार्क के प्रमुख चरणों के पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और

(च) मंत्रालय द्वारा इसके विकास में किन्हीं चुनौतियों अथवा विलंब का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (च): सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ कर्नाटक के कलबुर्गी में एक ग्रीनफील्ड परियोजना सहित ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

कलबुर्गी में पीएम मित्र योजना को क्रियान्वित करने के लिए, भारत सरकार और कर्नाटक राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन और साथ ही संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) अर्थात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल पार्क, कर्नाटक लिमिटेड को शामिल किया गया है, जिसमें कर्नाटक सरकार की हिस्सेदारी 51% होगी और शेष 49% हिस्सेदारी भारत सरकार के पास होगी। व्यवसायकि योजना की तैयारी सहित टोपोग्राफिकल साइट सर्वे का प्रारंभिक कार्य पूरा हो गया है। कर्नाटक सरकार के हथकरघा और वस्त्र विभाग ने लगभग 1700 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएम मित्र पार्क में 8 संभावित निवेशकों के साथ वार्ता की जा रही है। पार्क की प्रगति की निगरानी करने और किसी भी तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए, यदि कोई हो, वस्त्र मंत्रालय और कर्नाटक सरकार दोनों द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

***